बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांक 215 /अका./पाठ्यक्रम/2022 भोपाल, दिनांक 21-2-2022

"अति-आवश्यक"

प्रति ,

समस्त संकायाध्यक्ष / अध्यक्ष, अध्ययन मण्डल
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय,
भोपाल

विषय :राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत स्नातक प्रथम वर्ष कला, समाज विज्ञान,विज्ञान जीव विज्ञान प्रबंध वाणिज्य गृह विज्ञान की परीक्षा योजना को अनुशंसित करने हेतु संकायाध्यक्षों/अध्ययन मण्डलों के अध्यक्षों की **संयुक्त बैठक** आमंत्रित किये जाने विषयक।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत माननीय कुलपति जी द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत स्नातक प्रथम वर्ष की परीक्षा योजना शीघ्र अतिशीघ्र तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया है। अतः स्नातक प्रथम वर्ष की परीक्षा योजना हेतु समस्त संकायाध्यक्षों एवं समस्त विषयों के अध्यक्ष, अध्ययन मण्डलों की संयुक्त बैठक **दिनांक 28/2/2022 को अपरान्ह 12.30 बजे अकादमी शाखा के सभागार** में आयोजित की गई है।

समस्त संकाय के सम्मानीय संकायाध्यक्षों एवं समस्त विषयों के अध्यक्ष, अध्ययन मण्डल से निवेदन है कि उक्त कार्य को समय सीमा में सम्पन्न करने हेतु अनिवार्य रूप से निर्धारित तिथि, समय पर बैठक में उपस्थित होने की कृपा करें।

आदेशानुसार

उप-कुलसचिव (अकादमी)

क्रमांक 216 /अका./पाठ्यक्रम/2022 भोपाल, दिनांक 21-2-2022

प्रतिलिपिः-

1. अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा (भोपाल एवं नर्मदा पुरम संभाग) एम.एल.बी महाविद्यालय,परिसर, भोपाल की ओर इस आशय के साथ की सम्बद्ध शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय के प्राचार्यो को निर्देशित करना चाहेंगे की संबंधित अध्ययन मण्डल के अध्यक्षों को कर्तव्य अवकाश स्वीकृत करते हुए बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने हेतु कार्यमुक्त करने की कृपा करें।
2. प्राचार्य, सम्बद्ध शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय की ओर इस आशय के साथ कि अध्ययन मण्डल के अध्यक्षों को कर्तव्य अवकाश स्वीकृत करते हुए बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने हेतु कार्यमुक्त करने की कृपा करें।
3. वित्त नियंत्रक, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय,भोपाल की ओर सूचनार्थ।
4. सहायक संचालक, अंकेक्षण विभाग, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय,भोपाल की ओर सूचनार्थ।
5. उपकुलसचिव, परीक्षा/गोपनीय को उचित कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।
6. संचालक आय.ओ.डी. की ओर सूचनार्थ की उक्त बैठक में निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होना सुनिस्चित करना चाहेंगे।
7. प्रभारी, वेबसाइट, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की ओर उक्त बैठक सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित एवं निर्धारित तिथि एवं समय पर बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।
8. कुलपति के सचिव, के माध्यम से माननीय कुलपति जी को सूचनार्थ।
9. कुलसचिव के निज सहायक के माध्यम से कुलसचिव जी को सूचनार्थ।
10. संबंधित नस्ती।

सहायक कुलसचिव (अकादमी)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय,भोपाल